दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम आज से लागू। बिहार समेत कई राज्यों में न्यूनतम मजदूरी दर में पंद्रह से पच्चीस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी।

02. विधान परिषद के उपचुनाव और द्विवार्षिक चुनाव में नवनिर्वाचित दस सदस्य आज करेंगे शपथ ग्रहण।

03. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में आज से नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही लागू होगा एक समान शैक्षणिक कैलेंडर।

04. और, मानसून का प्रदेश के सभी जिलों में विस्तार। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, और सीतामढ़ी समेत छह जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

**समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण अधिनियम आज से लागू हो रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी होगी। इससे ग्रामीण भारत सशक्त बनेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए पंचानवे हजार छह सौ बानवे करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के तहत संशोधित पारिश्रमिक दरें अधिसूचित कर दी हैं। ये दरें आज से लागू हो गयी हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

ग्रामीण विकास मंत्रालय से जारी अधिसूचना के अनुसार सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में पारिश्रमिक दर बढ़ा दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि पहली बार तीन सौ रुपये प्रतिदिन का अंतरिम आधार पारिश्रमिक दर लागू किया गया है और सुनिश्चित किया गया है इस कार्यक्रम के तहत कोई भी अधिसूचित दर इससे कम न हो। राष्ट्रीय औसत पारिश्रमिक मनरेगा के 298 रुपये अस्सी पैसे से बढ़ाकर वीबी जी राम जी के तहत 327 रुपये 40 पैसे प्रतिदिन कर दिया गया है। इस प्रकार मजदूरी दर में दस प्रतिशत से अधिक की औसत वृद्धि

हुई है। 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जहां पहले मजदूरी तीन सौ रुपये से कम थी वहां अब नई दरें लागू हो गई हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरूणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश मजदूरी दर में 15 से 25 प्रतिशत की वृद्धि वाले राज्यों में शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि अरूणाचल प्रदेश और नागालैंड में लगभग साढ़े चौबीस प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि की गयी है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस संशोधन को, गांवों की समृद्धि के माध्यम से, विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम गरीब कल्याण, अंत्योदय और 2047 तक विकसित भारत की सरकार की प्रतिबद्धता में मील का पत्थर है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने जी राम जी योजना लागू करने को लेकर व्यापक तैयारी की है। योजना के संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति का गठन किया गया है। संचालन समिति में ग्रामीण विकास विभाग समेत सत्रह विभागों के सचिव को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी को जिला कार्यक्रम समन्वयक और उपविकास आयुक्त–डीडीसी को अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक नामित किया गया है। विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायते दस लाख रुपये तक, प्रोग्राम ऑफिसर पंद्रह लाख, डीडीसी एक करोड़ और जिलाधिकारी तीस करोड़ रुपये तक की योजनाएं स्वीकृत कर सकेंगे।

———————————————————————————

विधान परिषद के उपचुनाव और द्विवार्षिक चुनाव में विधानसभा कोट से निर्वाचित क्षेत्र से नवनिर्वाचित सदस्य आज शपथ ग्रहण करेंगे। इस संबंध में कार्यक्रम का आयोजन विधान परिषद उपभवन सभागार में होगा। सभापति अवधेश नारायण सिंह सदस्यों को शपथ दिलायेंगे। शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित कुल दस सदस्यों में से आठ पहली बार सदन की सदस्यता लेंगे। **हैं।** इनमें निशांत कुमार, अनिल ठाकुर, शिवरानी प्रजापति, ललन कुमार, अशरफ अंसारी, शिला पंडित और पवन सिंह शामिल हैं। वहीं, भाजपा के संजय मयूख और राजद के सुनील सिंह पहले भी सदन के सदस्य रह चुके है।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में आज से नया शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हो गई है। राज्यपाल सह– कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने विश्वविद्यालयों का शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके साथ ही राज्य के विश्वविद्यालयों में एक समान शैक्षणिक कैलेंडर लागू हो गया है। नये कैलेंडर के अनुसार स्नात्तक कक्षाओं के आठ सेमेस्टर को दो श्रेणियों में बांटा गया है। लोक भवन

ने अपरिहार्य परिस्थिति में कुछ विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक सत्र कार्यक्रम में एक सप्ताह की छूट दी है।

———————————————————————————

रेलवे ने पूर्व मध्य रेल के चौवालीस दशमलव चालीस किलोमीटर लंबे मानसी—सहरसा रेलखंड के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर लगभग चार सौ निन्यानवे करोड़ रुपये की लागत आएगी। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

मानसी—सहरसा खंड वर्तमान में एकल रेल लाइन है, जहां यात्रियों और मालगाड़ियों का भारी दबाव रहता है। इस मार्ग पर प्रतिदिन 24 जोड़ी यात्री ट्रेनें संचालित होती हैं। साथ ही खाद्यान, सीमेंट, उर्वरक, रेत और पत्थर जैसी आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई भी इसी रेलखंड से की जाती है। रेलवे के अनुसार, परियोजना पूरी होने के बाद रेल यातायात अधिक सुचारू होगा, ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार आएगा और परिचालन दक्षता बढ़ेगी। इसके साथ ही हर वर्ष लगभग 17 लाख 64 हजार टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी, जिससे कृषि, निर्माण और अन्य क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। समाचार कक्ष से सविता पारीक।

———————————————————————————

पटना सिटी के कच्ची दरगाह और वैशाली जिले के बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर बन रहे पुल के शेष निर्माण को निर्बाध पूरा कराने के लिए आज से अगले आदेश तक यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है। निर्माणाधीन पुल पर पिलर संख्या—तेईस और सड़सठ के बीच तेजी से कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में लगे इंजीनियर और कर्मियों की सुरक्षा के मद्देनजर यातायात पर रोक लगाई गयी है।

———————————————————————————

तेल विपणन कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में एक सौ तिरासी रुपये पचास पैसे की कमी की है। भारतीय तेल निगम लिमिटेड के अनुसार नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इस फैसले से रेस्तरां, ढाबा, होटल और अन्य खान—पान व्यावसायियों को लाभ होगा।

———————————————————————————

प्रदेशभर में मानसून का विस्तार हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की सक्रियता से अगले एक सप्ताह तक राज्य के सभी जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, पश्चिम चंपारण, शिवहर और सीतामढ़ी में भारी से अत्यधिक भारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट

जारी किया है। वहीं, अररिया, जमुई, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुंगेर, सहरसा और सुपौल जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, विभाग के अनुसार जून महीने में तेईस जिलों में सामान्य से पचास फिसदी कम बारिश हुई है। गया जिले में सबसे कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में प्रदेश में सामान्य से छियालीस प्रतिशम कम बारिश हुई है।

———————————————————————————

बिहार कैडर के उन्नीस सौ चौरनवें बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अमित कुमार प्रधानमंत्री की सुरक्षा संभालने वाले स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप–एसपीजी के नये निदेशक बनाये गये है। श्री कुमार वर्त्तमान में सीआरपीएफ में विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार वर्त्तमान एसपीजी निदेशक आलोक शर्मा का कार्यकाल इक्कीस मार्च दो हजार सत्ताईस को पूरा होने के बाद अमित कुमार निदेशक का पदभार ग्रहण करेंगे। फिलहाल श्री कुमार को एसपीजी में ओएसडी के रूप में तैनात किया जायेगा।

———————————————————————————

भारतीय विशिष्ठ पहचान प्राधिकरण ने आधार में ई–मेल अपडेट करने की सुविधा को निःशुल्क कर दिया है। यह सुविधा आज से इकतीस दिसंबर दो हजार छब्बीस तक प्रभावी रहेगी। इच्छुक व्यक्ति आधार मोबाईल एप्लिकेशन से अपना ई–मेल अपडेट कर सकते है। इससे पहले इस सुविधा के लिए पचहत्तर रूपये का शुल्क निर्धारित था।

———————————————————————————

आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस जन स्वास्थ्य की रक्षा के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है। यह दिवस हर वर्ष एक जुलाई को डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि की याद में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है बिहाईन्ड द मॉस्क : हू हील्स द हीलर्स?, यह विषय उन डॉक्टरों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालता है जो अपना जीवन दूसरों की देखभाल के लिए समर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने इस अवसर पर सभी चिकित्सकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

भारत और इंग्लैंड के बीच आज से टी—ट्वेंटी क्रिकेट श्रृंखला शुरू हो रही है। पांच मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला इंग्लैंड के चेस्टर ली स्ट्रीट में खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात दस बजे शुरू होगा। विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के आज टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने की संभावना है। वैभव को संजू सैमसन या ईशान किशन की जगह प्लेईंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है। गौरतलब है कि आयरलैंड के खिलाफ दो टी—ट्वेंटी मैचों की श्रृखंला के दौरान वैभव सूर्यवंशी को अवसर नहीं देने को लेकर टीम चयन पर सवाल उठ रहे हैं।

———————————————————————————

पटना पुलिस और बिहार एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी के दौरान वांछित अपराधी पांडव गिरोह के मुख्य सरगना संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ अमरेन्द्र कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पर हत्या और रंगदारी समेत छब्बीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पटना नगर निगम क्षेत्र में आज से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। आदेश में कहा गया है कि इकतीस जुलाई तक नौ टीमें नगर निगम क्षेत्र के सभी छह अंचलों में अतिक्रतण और अवैध व्यवसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में पहली बार एक समान शैक्षणिक कैलेंडर लागू। नया सत्र आज से। जनवरी में सम सेमेस्टर की पढ़ाई।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है— वीवी जी राम जी में न्यूनतम मजदूरी अब तीन सौ रूपये से कम नहीं होगी।

प्रभात खबर ने मौसम से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुए लिखा है— मौसम की मार। पन्द्रह के बाद मानसून पकड़ेगा रफ्तार।

दैनिक भास्कर केन्द्र सरकार के सुप्रीम कोर्ट में दिये बयान को प्रमुखता देते हुए लिखता है– एथेनॉल से पेट्रोल गाड़ियों को नुकसान नहीं। अखबार लिखता है– ई–ट्वेंटी पेट्रोल का इस्तेमाल करने से गाड़ी की बीमा पॉलिसी पर असर नहीं पड़ता।

राष्ट्रीय सागर ने मंत्री दिलीप जायसवाल के हवाले से लिखा है– पन्द्रह अगस्त को तीस हजार भूमिहीन परिवारों को मिलेगा वास भूमि प्रमाण पत्र।

आज अखबार के शब्द है–अठारह जिलों में खुलेंगे केन्द्रीय विद्यालय ।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम आज से लागू। बिहार समेत कई राज्यों में न्यूनतम मजदूरी दर में पंद्रह से पच्चीस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी।

02. विधान परिषद के उपचुनाव और द्विवार्षिक चुनाव में नवनिर्वाचित दस सदस्य आज करेंगे शपथ ग्रहण।

03. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में आज से नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही लागू होगा एक समान शैक्षणिक कैलेंडर।

04. और, मानसून का प्रदेश के सभी जिलों में विस्तार। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, और सीतामढ़ी समेत छह जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।